हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 2 मई 2025

तापमान

अधिकतम 41.2 डिग्री

न्यूनतम 20.9 डिग्री

12 पूर्व मंत्री बोले- जनता की हर समस्या का होगा समाधान



12 छात्रों ने लिया श्रमिकों का सम्मान करने का संकल्प



## 109 पेटी नकली शराब जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

# देसी शराब बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़

### चाय की छलनी से छानकर बोतलों में भर रहे थे शराब

■ पूछताछ के लिए आरोपी चार दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने देशी शराब बनाने वाली एक फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। मजे की बात है कि यह फैक्टरी शहजादपुर थाने से कुछ दूर ही चल रही थी।

पुलिस को मौके पर हरियाणा और पंजाब में बिकने वाली देसी शराब के ब्रांड की सैकड़ों पेटियां जब्त की हैं। साथ ही स्प्रिट सहित हजारों खाली बोतलें, लेबल, होलोग्राम, क्यूआर कोड, ढक्कन, बड़े-बड़े ड्रम मौके से बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से 3 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पता चला है कि ये आरोपी शराब को चाय की छलनी से छानकर बोतलों में पैक कर रहे थे। पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर रही है। उधर, सूचना पर पहुंची एक्साइज विभाग की टीम फैक्ट्री से बरामद सामान का आकलन करने में जुटी है। बता दें कि छह महीने पहले ही मुलाना में भी नकली शराब फैक्ट्री पकड़ी गई थी। यहां बनी शराब पीने से 22 लोगों की मौत हो गई थी।

दरअसल शहजादपुर थाना पुलिस को बुधवार की रात सूचना मिली कि रिहायशी इलाके में नकली शराब बनाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने रात करीब 10 बजे बताए गए मकान में छापा मारा तो अंदर काम कर रहे 3 लोग भागने लगे। पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। अंदर जाकर देखा तो शराब बनाई जा रही थी।पुलिस को मकान के अंदर से हरियाणा और पंजाब में बिकने वाले देसी शराब के अलग-अलग ब्रांड की सैकड़ों पेटियां मिलीं। शराब बनाने की मशीनों से लेकर आरओ, बड़े-बड़े ड्रम, कारटन से लेकर केमिकल व खाली बोतलें व ढक्कन बरामद हुए। पुलिस ने जब हिरासत में लिए गए लोगों से फैक्ट्री का लाइसेंस सहित अन्य कागजात मांगे तो वे कुछ नहीं दिखा सके। इस पर पुलिस ने एक्साइज टीम को मामले की जानकारी दी।

डिप्टी एक्साइज एंड टैक्सेशन कमिश्नर कृष्ण कुमार मौके पर पहुंचे और शराब फैक्ट्री का मुआयना कर उसे सील करवा दिया। शुरूआती जांच में सामने आया है कि ये लोग दोनों राज्यों में शराब सप्लाई कर चुके हैं।

पता किया जा रहा है कि शराब कहां-कहां सप्लाई की गई। पता लगने पर उसकी सैंपलिंग करवाई जाएगी। शहजादपुर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि अभी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। यह मकान और फैक्ट्री बिट्टू नाम के युवक की बताई जा रही है। बिट्टू अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है।



अंबाला। नकली शराब बनाने वाले आरोपी पुलिस हिरासत में।

#### मोटा संतरा व माल्टा ब्रांड के रैपर मिले

पुलिस को जांच में हरियाणा ब्रांड हीर सौंफी, मोटा संतरा ही नहीं बल्कि पंजाब के माल्टा ब्रांड से पैक की गईं शराब की बोतलें भी मिलीं। शुरूआती गिनती में पैक की गई पेटियों की संख्या 150 के आसपास बताई गई। बताया जा रहा है कि इस शराब को हरियाणा और पंजाब में सप्लाई किया जा रहा था।

#### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने शराब फैक्टरी से आरोपी उपरली धमौली के रहने वाले गुरप्रीत सिंह गांव के धनाना के संदीप व गोबिंदपुर के सचिन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ के लिए आरोपियों को 4 दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस का आरोप है कि आरोपी नकली शराब बनाने की फैक्टरी चलाकर लोगों के जीवन का खतरे में डाल रहे थे। मौके से भारी मात्रा में नकली शराब, कैमिकल पदार्थ व शराब बनाने वाले उपकरण भी जब्त किए हैं। पुलिस ने मौके से नकली शराब की 109 पेटियां, 80 लीटर तैयारशुदा नकली शराब, 2 कैनी शराब 100 लीटर, 3 ड्रम स्पिरिट कुल 540 लीटर, 12 खाली ड्रम, 30 ड्रमी, 20 लीटर की 6 बोतल, 9600 खाली बोतलें, 4 टैंकी, फूड कलर, कार्मेल कलर, भारी मात्रा में ढक्कन, रेपर, गत्ता पेटी, होलोग्राम नंबर, क्यूआरकोड, मधानी व शराब बनाने के अन्य उपकरणों व एक गाड़ी को भी जब्त किया है।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव नवादा के रास्ते में कार ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार संतरा निवासी गांव जलालपुर प्रथम की मौत हो गई। जबकि मृतक के पुत्र संदीप, इसकी पत्नी आरती, इनका पुत्र प्रियांशु व प्रदीप घायल हो गए। इनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। इधर, थाना सनौली पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

### यूपी प्रवासी फैक्टरी कर्मचारी की हत्या

**पानीपत।** पानीपत की गंगाराम कॉलोनी में संदिग्ध परिस्थितियों में 28 वर्षीय मुनीष मूल निवासी हरदोई, उत्तर प्रदेश का शव उसके कमरे से मिला। मामले का पता उस वक्त लगा, जब साथी कर्मचारी आजाद मास्टर, मुनीष को जगाने के लिए कमरे तक पहुंचा। कमरे में मुनीष मृत अवस्था में पड़ा मिला। मुनीष के माथे पर चोट का निशान था और खून बह रहा था। उसके साथ रहने वाले युवक हरेंद्र को फोन किया, तो उसने कोई जबाब नहीं दिया। जिसके बाद उस पर हत्या का शक हुआ। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

### ओलंपियन की पत्नी और बच्चा बाल-बाल बचे

**इसराना।** पानीपत से रोहतक जा रहे हाईवे पर गांव शाहपुर के पास ओलंपियन पहलवान एवं बीजेपी नेता योगेश्वर दत्त की पत्नी शीतल शर्मा की कार बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। वहीं कार में शीतल के साथ उनका पुत्र भी सवार था। दोनों हादसे में बाल बाल बच गए। राहगिरों ने दोनों को कार से बाहर निकाला और एक निजी अस्पताल ले गए, जहां दोनों को मामूली लगी चोटों का उपचार किया गया। इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि कार को स्वयं शीतल शर्मा चल रही थी और कार जैसे ही पेड से टकराई तो उसके सभी एयरबैग खुल गए, इसके चलते दोनों की जान बच गई।

### रिटायर फौजी के बैग से 25 हजार रुपये चोरी

**समालखा।** समालखा में गांव आटा जाने के लिए इको में सवार रिटायर्ड फौजी रामेश्वर सिंह निवासी गांव बुटाना जिला पानीपत के बैग से 25 हजार रुपए कैश चोरी हो गया। सिंह, अपनी गांव आटा में ससुराल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। वह समालखा में इको गाड़ी में सवार हुआ। जिसमें चार युवक भी बैठ गए। जोकि कैश चुराने के बाद नीचे उतरे और वहां से चले गए। ससुराल पहुंचने के बाद बैग देखा तो रुपए चोरी होने का पता लगा। रामेश्वर की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 17.50 लाख की ठगी का आरोपी पुलिस रिमांड पर

**समालखा।** थाना समालखा पुलिस ने युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर 17.50 लाख रूपए की ठगी के मामले में आरोपी रविंद्र पुत्र आजाद निवासी गांव आटा को पानीपत जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की। रविंद्र धोखाधड़ी के अन्य मामले में पानीपत जेल में बंद था। थाना समालखा प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि इस मामले में मोहित पुत्र धर्मबीर निवासी गांव कैथ जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### चेक बाउंस के मामले में पुलिस ने भगौडा पकड़ा

**पानीपत।** थाना शहर कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर कुलदीप ने बताया कि पुलिस टीम ने चेक बाउंस के मामले में न्यायालय से पीओ यानि भगौडा घोषित आरोपी जितेंद्र निवासी एकता विहार कॉलोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया। वहीं, आरोपी के खिलाफ थाना शहर में बीएनएस की धारा 209 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

## भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान

■ भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित

■ समाज को बांटने वालों से सतर्क रहना होगा : हरविंद्र कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

घरौंडा के रेलवे रोड स्थित देवी मंदिर धर्मशाला में आज भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत और जेल एवं पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने लोगों से भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज को बांटने वालों से सतर्क रहना होगा। एकता में ही समाज की खूबसूरती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का साकार करने के लिए एकजुट होने की जरूरत है।

जेल मंत्री अरविंद्र शर्मा ने समाज के लोगों से अपील की कि कर्मकांड, ज्योतिष जैसे क्षेत्रों में पर्याप्त ज्ञान हासिल कर आगे बढें। उन्होंने परशुराम धर्मशाला के लिए 11 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए लोगों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार इस ध्येय से कार्य कर रही है कि समाज एकजुट होकर आगे बढे। हरियाणा सरकार ने संत-महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संत-महापुरुष विचार प्रचार-प्रसार योजना की शुरुआत की हुई है। इस योजना के अंतर्गत संत-महापुरुषों की जयंतियां मनाई जा रही हैं।





घरौंडा। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण और पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा का सम्मान करते हुए।

#### महापुरुषों की जयंती मनाएं

पर्यटन एवं जेल मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि हर महापुरुष की जयंती को मिलकर मनाते हुए भाईचारे की भावना का संदेश देना चाहिए। सबका साथ - सबका विकास के नारे को साकार करते हुए सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है। कैथल में भगवान परशुराम के नाम से 600 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज बनाया जा रहा है।

## चावल व्यापारी व मिलर से लूट का प्रयास

■ चावल व्यापारी को मारपीट कर घायल अवस्था में छोड़कर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

गुरुवार को तड़के तरावड़ी रेलवे स्टेशन के नजदीक चार चुवकों ने एक चावल व्यापारी व राईस मिलर से पिस्तौल के दम पर लूट का प्रयास किया। जब वह लूट में सफल नहीं हुए तो लुटेरे चावल व्यापारी को मारपीट कर घायल अवस्था में छोडकर फरार हो गए।

जानकारी के मुताबिक चावल व्यापारी नवीन सिंगला रोज सुबह की तरह रेलवे स्टेशन पर सैर कर रहे थे। अचानक उनके पास चार युवक आ धमके। एक युवक ने पिस्टल निकाल ली और दूसरे ने चाकू निकाल लिया। उन्होंने नवीन सिंगला से कहा कि जो पैसे तुम्हारे पास है, वह हमें यहीं दे दो, वरना तुम्हें जान से मार देंगे। नवीन ने लुटेरों से कहा कि उनके पास पैसे नहीं है। इसके बाद लुटेरों ने नवीन सिंगला का फोन छीन लिया और कहा कि वह हमें गुग्गल पे से पैसे भेज दें। लेकिन नवीन ने ऐसा नहीं किया। इसके बाद लुटेरों ने नवीन के फोन से उनके बेटे जितेश सिंगला को व्हाट्सएप कॉलिंग की और पैसे की मांग की। जितेश ने तुरंत फोन काट दिया। इसके बाद लूटेरों को जब लगा कि उनके हाथ कुछ लगने वाला नहीं है तो नवीन सिंगला को पीट-पीटकर अधमरा वहीं खादानों में छोडकर भाग लिए। इसके बाद किसी तरह से नवीन सिंगला ने सूचना पुलिस को दी। तरावड़ी थाना पुलिस का कहना है कि पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थाना प्रभारी नसीब सिंह ने कहा कि जल्द ही पुलिस बदमाशों को पकड़ लेगी।



तरावड़ी। पुलिस थाना में नवीन सिंगला व अन्य शिकायत दर्ज करवा कर बाहर आते हुए।

## स्कूल वैन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

■ पुलिस ने अज्ञात वैन चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव सुघ माजरी के पास स्कूल वैन ने सड़क किनारे बाइक पर बैठे युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वैन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव सुघ माजरी निवासी आफताब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है। बुधवार को दोपहर दो बजे वह अपने चाचा के लड़के अरमान के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से जगाधरी जा रहा था। बाइक को वह चला रहा था जबकि उसके चाचा का लड़का अरमान पीछे बैठा था। गांव के पास ही वह मोटरसाइकिल को साइड में लगाकर नाई की दुकान पर चला गया। जबकि अरमान बाइक पर ही बैठा रहा। इस दौरान गांव अमादलपुर की तरफ से एक स्कूल वैन आई और उनकी मोटरसाइकिल को मार दी। टक्कर लगने से अरमान नीचे गिरकर घायल हो गया। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। उसने अपने भाई अरमान को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान अरमान की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

## आवर्धन नहर के नवीनीकरण का निर्माण बन रहा आफत

■ रास्तों पर उड़ रही धूल के बीच लोग आवागमन करने पर मजबूर

■ नहर में पानी की क्षमता बढ़ाने के लिए किया जा रहा नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दक्षिण हरियाणा की प्यास बुझाने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल की सरकार द्वारा 1971 में यमुनानगर के हमीदा हैड से बनाई गई आवर्धन नहर के नवीनीकरण कार्य के धीमीगति से चलने के कारण आसपास के क्षेत्र के लोग परेशान हैं।

आलम यह है कि आवर्धन नहर की पटरी पर व नजदीक बने रास्तों पर पानी का छिड़काव नहीं किए जाने के कारण लोग उड़ रही धूल में आवागमन करने पर मजबूर हैं। नहर के आसपास के क्षेत्र के लोगों ने नहर के पास बने रास्तों पर पानी का छिड़काव किए जाने और नवीनीकरण के कार्य को जल्द पूरा किए जाने की सरकार से मांग की है।

वर्ष 2022 में दक्षिण हरियाणा को अतिरिक्त पानी पहुंचाने के लिए आवर्धन नहर की क्षमता 4500 क्यूसिक से बढ़ाकर छह हजार क्यूसिक किए जाने को लेकर नहर के नवीनीकरण के कार्य करने का एग्रीमेंट किया गया था। आवर्धन नहर को हमीदा हैड से करनाल के मुनक हैड तक करीब 67 किलोमीटर लंबी इस नहर की क्षमता बढ़ाने के लिए नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस नहर के नवीनीकरण के कार्य के अंतर्गत 22 किलोमीटर का क्षेत्र यमुनानगर में पड़ता है। इस 22 किलोमीटर के एरिया में आवर्धन नहर के साथ लगते गांवों की हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि पड़ती है। जिसमें किसानों के रास्ते नहर की पटरी से होकर गुजरते हैं। मगर नहर पर वर्ष 2022 से शुरु हुए नवीनीकरण के कार्य के कारण नहर की पटरी के रास्तों पर दिन भर मिट्टी से भरे ट्राले व डंपर चलने के कारण धूल उड़ती रहती है। निर्माण कार्य में लगी एजेसिंयों द्वारा रास्तों में पानी की छड़काव नहीं करने से लोग परेशान हैं। लोगों को अपने गांव व खेतों में जाने के लिए नहर के साथ लगते व पटरी पर बने रास्तों पर उड़ रही धूल के कारण आवागमन करना पड़ रहा है।

### कार्य पूरा करने की जून 2025 है समयावधि

आवर्धन नहर के निर्माण कार्य को पले जुलाई 2024 में पूरा किया जाना था। मगर यह समय अवधि में पूरा नहीं हुआ।

इसके बाद इसकी समय अवधि बढ़ाकर जून 2025 की गई। मगर अभी तक नवीनीकरण का कार्य करीब 70 प्रतिशत ही पूरा हुआ है। निर्माण कार्य के धीमी गति से चलने के कारण समय अवधि में भी यह कार्य पूरा होते दिखाई नहीं दे रहा है।



यमुनानगर। आवर्धन नहर पर बने रास्ते पर बनी हुई मिट्टी की धूल।

#### पानी का हो छिड़काव

समाजसेवी डॉ. लाभ सिंह, चैन सिंह, पवन कुमार, कुलदीप सिंह, बिंद्र सिंह आदि ने सरकार से नहर के नवीनीकरण के कार्य में लगी एजेंसियों से रास्तों पर प्रतिदिन पानी की छिड़काव करवाए जाने और समय अवधि के भीतर कार्य पूरा करवाए जाने के लिए निर्देश दिए जाने की मांग की।

## कला कीर्ति भवन में प्रदेश के सांग कलाकारों की बैठक आयोजित

# सांग विधा का संरक्षण व संवर्धन करेंगे : नागेंद्र

■ साल के पूरे 365 दिन सांग कलाकारों को मिलेगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांग लोक नाट्य की एक महत्वपूर्ण विधा है, जो भारत के विभिन्न हिस्सों में लोकप्रिय है। मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश के साथ-साथ हरियाणा में सांग का अत्याधिक प्रचलन है। किंतु वर्तमान समय में सांग विधा लुप्त होने की कगार पर खड़ी नजर आ रही है।

आज का युवा पाश्चात्य संस्कृति की ओर अग्रसर होने के कारण लोक संस्कृति से अनभिज्ञ है, जिसके कारण सांग विधा में युवा पीढ़ी रुचि नहीं लेती। ऐसे में सांग के संरक्षण और संवर्धन के लिए हरियाणा कला परिषद द्वारा कुरुक्षेत्र के कला कीर्ति भवन में प्रदेश के सांग कलाकारों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न सांगियों ने हिस्सा लिया।

हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सांग कलाकारों ने सांग विधा को बचाने तथा युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए अपने-अपने विचार रखे। बैठक से पूर्व हरियाणा कला परिषद की ओर से समस्त कलाकारों को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। नागेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से हरियाणा कला परिषद नियम बनाएगी, जिसमें साल के 365 दिन प्रदेश में सांग कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद के पौत्र विष्णु दत्त सांगी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सांग विधा से अश्लीलता को भी दूर करना चाहिए। कुछ सांग कलाकार लोगों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए मर्यादा को खो देते है तथा अश्लील नृत्य करवाना प्रारम्भ कर देते हैं। ऐसे में प्रत्येक सांग कलाकार को प्रण करना चाहिए कि अपने सांग में अश्लीलता का कोई स्थान न हो। वहीं हिसार से धर्मबीर सांगी ने कहा कि सांग कलाकार आजीवन सांग विधा के प्रचार-प्रसार में लगे रहते हैं। लेकिन संस्कृति बचाने के लिए उन्हें कोई मान-सम्मान नहीं मिलता।



कुरुक्षेत्र। सांग कलाकारों के साथ बैठक करते निदेशक नागेंद्र शर्मा।

#### सांग दिवस होगा तय

निदेशक नागेंद्र शर्मा ने कहा कि कला के क्षेत्र में नृत्य दिवस, संगीत दिवस, रंगमंच दिवस मनाया जाता है। लेकिन सांग का कोई भी ऐसा दिन तय नहीं है, जिसे सांग कलाकार एक त्योहार के रूप में मना सके। जिसके लिए उन्होंने सांग दिवस पर विचार करने की मांग रखी। इस पर सांग कलाकारों ने सहमति जताते हुए कहा कि हरियाणा में दादा शंकर दास की प्रणाली के सांगी हैं। इसलिए दादा शंकर दास की जयंती अथवा पुण्यतिथि को सांग दिवस घोषित कर देना चाहिए। जिस पर सहमति प्रकट करते हुए नागेंद्र शर्मा ने जल्दी ही इस सुझाव पर विचार कर सांग उत्सव का आयोजन करने का आश्वासन दिया।

## अर्धनग्न हालत में मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

■ पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना यमुनानगर सदर क्षेत्र में अधेड़ व्यक्ति का शव अर्धनग्न हालत में मिलने के बाद सनसनी फैल गई। शव पुलिस चौकी कलानौर क्षेत्र में जंगल में मिला है। शव की शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने उसे मोर्चरी में रखवा दिया है और मामले में जांच शुरू कर दी है।

सरपंच कलानौर विनोद कुमार ने सुबह करीब सवा दस बजे चौकी इंचार्ज कलानौर को सूचना दी कि जंगल में एक व्यक्ति का अर्धनग्न शव पड़ा है। तुरंत ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। देखा तो शव के शरीर पर सिर्फ अंडरवियर थाए इसके अलावा अन्य कोई कपड़ा नहीं ?था। जहां से शव मिलाए वहां आसपास भी तलाश किया लेकिन कोई अन्य कपड़ा मिला नहीं और न ही घटनास्थल पर ऐसा लगा कि वहां पर कुछ हुआ हो। देखने से मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष लग रही है। शरीर पर कोई भी उभरी चोट या घाव अभी नहीं मिला है।

### हत्या की आशंका

गांव कलानौर के कुछ जिम्मेदार लोगों को बुला कर शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस तरह के हुलिया के किसी व्यक्ति की गुमशुदगी भी दर्ज नहीं है। हालांकि शव देखने वाले कुछ ग्रामीणों का मानना है कि शव जिस हालत में था, वह देखने से ऐसा ही लग रहा है कि अधेड़ की हत्या करने के बाद शव को यहां लाकर फेंका है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि फिलहाल 72 घंटे के लिए शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।

# जिला में अब तक 2 लाख 93 हजार 782 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

◆ डीसी पार्थ गुप्ता ने वीरवार को दी जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में की जा रही गेहूं खरीद की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला की अनाज मंडियों में सरकार द्वारा निर्धारित किए गए मानदंडो अनुसार गेहूं की खरीद सुचारू रुप से की जा रही है। चालू सीजन में अब तक जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में कुल 2 लाख 93 हजार 782 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने वीरवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि जिले में तेरह अनाज मंडी हैं। अब तक कुल 2.93 782 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी गई है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने1 लाख 8 हजार 127 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 1 लाख 52 हजार 903



मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस कारपोरेशन द्वारा 32 हजार 752 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी गई।

## मंडियों में निर्धारित मानदंडो के अनुसार खरीदी जा रही गेहूं: डीसी

### बिलासपुर मंडी में अभी तक 32,360 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी

■ सभी 13 मंडियों में सुचारू रूप से हो चल रहा गेहूं खरीद का काम

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि चालू रबी सीजन में अब तक जिला की बिलासपुर अनाज मंडी में 32 हजार 360 मीट्रिक टन,छछरौली मंडी में 37 हजार 669 मीट्रिक टन, गुमथला राव मंडी में 6 हजार 903 मीट्रिक टन, जगाधरी मंडी में 42 हजार 766 मीट्रिक टन, जठलाना मंडी में 4 हजार 915 मीट्रिक टन, खारवन मंडी में 5 हजार 383 मीट्रिक टन, प्रताप नगर मंडी में 42 हजार 545 मीट्रिक टन, सरस्वती नगर में 41 हजार 167 मीट्रिक टन, रादौर में 40 हजार 644 मीट्रिक टन,रणजीतपुर मंडी में 11 हजार 73 मीट्रिक टन, रसूलपुर मंडी में 8 हजार 618 मीट्रिक टन, साढ़ौरा मंडी में 19 हजार 452 मीट्रिक टन गेहूं व यमुनानगर मंडी में 287 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अनाज मंडियों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर युवती के साथ छेड़छाड़, केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर के फरकपुर क्षेत्र में एक व्यक्ति ने घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में 20 वर्षीय युवती ने बताया कि वह रात को सात बजे वह घर पर काम कर रही थी। इस दौरान ब्रह्मानंद कुमार घर में घुसा व उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी व मौके से फरार हो गया। जिसके बाद उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी ब्रह्मानंद कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मंडी से बाइक पर गेहूं चोरी करते दो युवक काबू

**यमुनानगर।** जगाधरी अनाज मंडी से बाइक पर गेहूं चोरी करते दो युवकों को लेबर ने पकड़ लिया। आरोपियों पर अनाज मंडी से करीब 200 बैग गेहूं के चोरी करने का आरोप है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुनीत कंबोज ने बताया कि उसकी अनाज मंडी में आढ़त की दुकान है। 30 अप्रैल को सुबह साढ़े पांच बजे बाइक पर सवार होकर दो युवक अनाज मंडी में आए व दुकान के सामने से गेहूं का बैग उठाकर बाइक पर रख लिया। जिन्हें लेबर ने पकड़ लिया। भागने के प्रयास में बाइक फिसलने से आरोपी गिर गए। उनकी पहचान गंगानगर कॉलोनी निवासी अक्षय व विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी सागर के रूप में हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रशासन ने गांव मच्छरौली में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का किया आयोजन

# ग्रामीणों ने डीसी- एसपी के सामने रखीं बिजली व पानी की समस्याएं

पंचायत भूमि से अवैध कब्जा हटवाने, बस का समय ठी करवाने व मकान के ऊपर से गुजर रही हाईवोल्टेज लाइन हटवाने की रखी मांग अधिकारियों को समाधान के दिए निर्देश



**यमुनानगर।** मच्छरौली में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते हुए।



**यमुनानगर।** मच्छरौली में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन ने गांव मच्छरौली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीसी पार्थ गुप्ता, एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में डीसी ने आम लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निस्तारण किया।

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में मछरौली निवासी मनप्रीत कौर ने पक्का मकान बनवाने, मछरौली निवासी जीतो देवी, सुरेश पाल व सुखविंदर ने बिजली का बिल ठीक करवाने, मेहर चंद ने घर तक जाने वाले रास्ते को पक्का करवाने, सोहनलाल और अमरजीत सिंह ने लाल डोरे के अंतर्गत मकान की रजिस्ट्री, संतोष देवी ने ससुराल वालों पर तंग करने, सत्य प्रकाश आदि ने ट्यूबवेल का कनेक्शन गांव की बिजली लाइन के साथ जुड़वाने, सुभाष चंद्र ने अपने मकान के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली की लाइन हटवाने, बांसेवाला निवासी जमील ने पंचायती भूमि से कब्जे हटवाने, मछरौली निवासियों ने बस का समय सही करवाने, भूपेंद्र कुमार ने मनरेगा स्कीम के तहत जॉब कार्ड बनवाने, मनकीत सिंह ने परिवार पहचान पत्र में इनकम कम करवाने, रमजान प्रभोली निवासी ने बिजली का खम्बा लगवाने सहित अनेकों शिकायतें रखी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मौके पर अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान कर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीसी नवीन आहूजा, एसडीएम जसपाल सिंह गिल, सीईओ जिप वीरेंद्र सिंह ढुल, सीटीएम पीयूष गुप्ता मौजूद रहे।

### समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथा शीघ्र करें निपटान: गुप्ता

■ जिला प्रशासन के सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में सुनी आमजन की समस्याएं, अब नए कार्यक्रम अनुसार सप्ताह में दो दिन सुनी जाएंगी समस्याएं

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को लघुसचिवालय मे समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समाधान किया। उन्होंने अधिकारियों को समस्या समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए।

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहे। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में चार शिकायतों का समाधान किया।



**रादौर।** ग्लोबल संस्थान रादौर में हुआ साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन

## ग्लोबल संस्थान के छात्र अमन का कंपनी में चयन

■ अमन को सात लाख के पैकेज का मिला ऑफर लैटर, चयनित होने पर स्टाफ सदस्यों व सहपाठियों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रादौर में वीरवार को साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बीबीए विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र अमन सिंह को बेंगलुरु की कंपनी में बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव के पद पर चयन हुआ। विद्यार्थी के चयन पर संस्थान प्रबंधक समिति ने बधाई दी।

### कुल तीन चरणों में लिया प्रतिभागियों का इंटरव्यू

इंटरव्यू प्रक्रिया कुल तीन चरणों में सम्पन्न हुई। प्रथम चरण ऑनलाइन एप्टीट्यूड टेस्ट, द्वितीय चरण टेलीफोनिक इंटरव्यू एवं तृतीय चरण फाइनल एचआर इंटरव्यू रहा। अमन सिंह ने सभी चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

संस्थान के निदेशक डॉ.लक्ष्य अग्रवाल ने कहा कि हमें अत्यंत गर्व हो रहा है कि संस्थान के बीबीए अंतिम वर्ष के होनहार छात्र अमन सिंह का चयन लॉन्च्ड कंपनी में बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव के पद पर हुआ है।

उन्हें सात लाख रुपये का सालाना पैकेज ऑफर प्राप्त हुआ है। संस्थान चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने छात्र अमन सिंह को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी और कहा कि यह हमारे संस्थान की शिक्षा गुणवत्ता, प्रशिक्षण व छात्रों की मेहनत का फल है। अमन की सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी। संस्थान की वाइस चेयरपर्सन इंदु जिंदल ने अमन को बधाई देते हुए ऑफर लेटर देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में भाई पर हमला पति और पत्नी पर मुकदमा दर्ज

■ घटना के वक्त सुबह बेटी को स्कूल छोड़ने जा रहा था प्रदीप

**यमुनानगर।** गांव तारनवाला में जमीनी विवाद के चलते भाई ने अपनी पत्नी व एक अन्य के साथ मिलकर अपने भाई पर हमला कर घायल कर दिया। जिसे इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव तारनवाला निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि उसका अपने भाई संदीप के साथ जमीनी विवाद चल रहा है। गत 28 अप्रैल को सुबह आठ बजे वह अपनी बेटी को स्कूल छोड़ने के लिए जाने लगा तो इस दौरान उसके भाई संदीप ने अपनी पत्नी मोनिका व रविंद्र के साथ मिलकर उस पर लाठी से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



## वर्ल्ड रेडक्रॉस डे पर स्लोगन प्रतियोगिता

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय रादौर की यूथ रेडक्रॉस इकाई की ओर से वीरवार को वर्ल्ड रेडक्रॉस डे के संदर्भ में स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्लोगन राइटिंग का थीम ऑन द साइड ऑफ ह्यूमैनिटी रहा। जिसे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा निर्धारित किया गया था। प्रतियोगिता में चुनिंदा तीन स्लोगन को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में होने वाली वर्ल्ड रेडक्रॉस डे के कार्यक्रम में डिस्प्ले किया जाएगा। तीन सबसे अच्छे स्लोगन को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल हरियाणा सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। मौके पर संचालक यूथ रेड क्रॉस काउंसलर डॉ.रिंकू शर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एसके सिंह मौजूद रहे।

## साइबर ठगों ने इन्वेस्टमेंट से अधिक लाभ का लालच देकर 20 लाख ठगे

■ पहले कंपनी ने मैसेज कर व्हाहट्सअप ग्रुप में जोड़ा, फिर महिला ने पैसे इंवेस्ट करने का झांसा दे की ठगी

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने जगाधरी के कल्याण नगर निवासी पंकज धीमान को कंपनी में पैसे इन्वेस्टमेंट कर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर 20 लाख 75 हजार रूपये ठग लिए। ठगी का पता चला तो मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पंकज धीमान ने बताया कि उसका खुद का कारोबार है। मार्च में वह गूगल पर पैसे इन्वेस्टमेंट करने को सर्च कर रहा था। इस दौरान उसके पास अशिका क्रेडिट कैपिटल लिमिटेड कंपनी की तरफ से एक मैसेज आया। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो वह एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गया। चैट के माध्यम से बातचीत होने लगी। फिर एक महिला ने उससे बात की और उसे कंपनी में पैसे इन्वेस्टमेंट करने के लिए कहा। बातों में फंसाकर आरोपी महिला ने उससे अलग-अलग करके 20 लाख 75 हजार रूपये इन्वेस्टमेंट करवा लिए। जब वह पैसे निकालने का प्रयास करने लगा तो उसके पैसे नहीं निकले। तब उसे अपने साथ साइबर ठगी का एहसास हुआ। उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## स्कूलों में श्रमदिवस पर कार्यक्रम सिक्योरिटी गार्ड ने काटा केक

■ स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में श्रमिक दिवस पर केक काटते हुए।

**रादौर।** स्वराज शिशु निकेतन स्कूल रादौर में वीरवार को मजदूर दिवस मनाया गया। छात्रों ने विद्यालय के माली, आया, सफाई कर्मचारी, सिक्योरिटी गार्ड से केक कटवाया व उन्हें धन्यवाद के कार्ड दिए।

प्राचार्य रेनू शांडिल्य ने कहा कि कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता। काम को पूजा के समान समझे व श्रमिकों को भी पूरा सम्मान दें। उनके श्रम से ही हमारा जीवन सरल बनता है। सभी कर्मियों को मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। कृष्ण सदन की इंचार्ज पूजा ग्रोवर, कल्पना, रजनी शर्मा व शीतल ने संचालन किया।



ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में श्रमिक दिवस धूमधाम से मनाया। प्राचार्या रीतू सिंगला ने श्रमिक दिवस मनाया है। प्रबंधक समिति ने कर्मचारी सम्मानित किए। प्रधान रंजना गोयल ने कहा कि आज के युग में हर इंसान श्रमिक है, मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता और जीवन में सफल होने के लिए मेहनत का होना अत्यंत आवश्यक है।

## गर्मी में पशु पक्षियों के दाना पानी की व्यवस्था करना मानवीय फर्ज: अरोड़ा

■ सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



भीषण गर्मी के मद्देनजर बेजुबान पक्षियों और जानवरों को राहत देने के उद्देश्य से मॉडल टाऊन नेहरू पार्क में वीरवार को कार्यक्रम आयोजित कर दाना पानी मुहिम की शुरुआत की गई। इस अभियान का शुभारंभ यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने किया। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को पक्षियों के लिए पानी और दाने के मिट्टी के पात्र वितरित कर इस पहल की शुरुआत की। इस मौके पर डीसी पार्थ गुप्ता, अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी मौजूद रहे।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि गर्मियों में पशु पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना मानवीय दायित्व है। इस मुहिम को भारतीय संस्कृति का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह न केवल एक सामाजिक प्रयास है। बल्कि करुणा और संवेदनशीलता की मिसाल भी है। इस अभियान का उद्देश्य आम जनमानस को जागरूक करना है कि वे अपने घरों की छतों, बालकनियों व आंगनों आदि में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करें। अभियान के तहत लोगों से अपील की गई है कि वे मिट्टी या स्टील के छोटे बर्तन में स्वच्छ पानी रखें तथा बाजरा, चावल या अनाज के दाने नियमित रूप से रखें। जिससे पक्षियों को भोजन और पानी आसानी से उपलब्ध हो सके। गर्मियों में पानी की कमी के कारण अनेक पक्षी प्यास से मर जाते हैं। यह एक छोटा सा प्रयास उनके जीवन को बचाने में सहायक हो सकता है। इस मौके पर एसडीएम सोनू राम, डीआईपीआरओ डॉ.मनोज कुमार, पूर्व मेयर मदन चौहान, पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आनन्द, पूर्व चेयरमैन राम निवास गर्ग,भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण सिंगला व कृष्ण कृपा सेवा समिति से नीरू चौहान मौजूद रहे।

## रिटायर्ड कॉलेज प्राचार्य व टीचर्स एसो. सदस्यों की बैठक संपन्न

# मांगों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाए सरकार

■ प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा विशेष रूप से शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** एसोसिएशन की बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय प्रधान डॉ. मल्होत्रा।

रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसीपल एंड टीचर्स एसोसिएशन यमुनानगर जोन के सदस्यों की शहर के जीएनजी कॉलेज में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा ने भाग लिया। बैठक शुरु करने से पहले पहलगाम में आतंकी हमले में जान गंवाने वाले पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई।

एसोसिएसन के प्रांतीय प्रधान डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा ने बताया कि रिटायर्ड साथियों को जनवरी के बाद से बजट के अभाव में सरकार से पैंशन नहीं मिल पा रही थी। जिस कारण पेंशनभोगियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। यह समस्या हर वर्ष आती है । क्योंकि सरकार से पैंशन मद हेतु जितना बजट आबंटित किया जाता है वह पर्याप्त नहीं होता।

इसके समाधान हेतु उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा द्वारा अतिरिक्त बजट की मांग तो की जाती है। मगर इसकी प्रक्रिया इतनी लंबी होती है कि समय लग जाता है। यही कारण है कि अब जाकर साथियों को फरवरी और मार्च महीने की पैंशन मिल पाई है। इसी संदर्भ में उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि पैंशन की व्यवस्था यदि ट्रेजरी के माध्यम से हो जाए तो इस समस्या का स्थाई समाधान हो सकता है।

मौके पर रिटायर्ड प्रिंसीपल डॉ. शैलेश कपूर ने सदन के समक्ष दो महत्वपूर्ण विषयों के प्रति ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि एक तो सरकार के समक्ष ये मांग पुनः उठाई जानी चाहिए कि 36 दिन के स्ट्राइक पीरियड को सेवा काल मानते हुए उसका भुगतान सुनिश्चित किया जाए और दूसरा केंद्र सरकार द्वारा गठित किए जाने वाले 8वें वेतन आयोग में एक जनवरी 2026 से पूर्व रिटायर्ड साथियों को भी वे सभी लाभ दिए जाने का पात्र माना जाए।

इस मौके पर प्रोफेसर देवेंद्र आनंद,डॉ. बलबीर सिंह व नरेंद्र सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वित्त सचिव डॉ. युगेश कुमार ने वित्त वर्ष 2024-25 का आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रिंसीपल डॉ. वरिंदर गांधी, प्रो.कुलबीर कौर, प्रो. आशा कपूर, प्रो. गुरबख्श कौर, प्रो.केसी गोयल, प्रो. जेएल गुप्ता, प्रो. पीके मलिक आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान की ओर से शुक्रवार को प्रातः 11 बजे आर.के.सदन में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। संस्थान की प्राचार्या प्रो. अनिता दुआ ने बताया कि इस समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि होंगे तथा आईटीटीआर के विद्यार्थियों को शैक्षिक, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक क्षेत्र संबंधी गतिविधियों में प्राप्त उपलब्धियों के लिए प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे।

### पहलगाम हमले के खिलाफ निकाली रैली

**शाहबाद।** 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में आज गीता विद्या मंदिर स्कूल शाहाबाद मारकण्डा के छात्रों और शिक्षकों ने एक रैली निकाली। वंदना कक्ष में प्रधानाचार्य निशा गोयल ने बच्चों को बताया कि जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने एक कायराना हमला किया, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई। मारे गए लोगों में ज्यादातर पर्यटक थे, जो घाटी की सुंदरता का आनंद लेने आए थे। इस हमले से पूरे देश में शोक और आक्रोश है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने लोगों से उनके धर्म के बारे में पूछा और उन्हें गोली मार दी। इस हमले के विरोध में पूरे देश में रैलियां और प्रदर्शन हुए हैं।

## प्राइमरी स्कूलों में उपलब्ध हों तमाम सुविधाएं : सांसद जिंदल

# एनएचएआई 152 पर लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा फ्लाईओवर

### आंगनवाड़ी के 276 विद्यार्थियों को सांसद खुद उपलब्ध करवाएंगे प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि कुरुक्षेत्र के विकास के हर बिन्दु पर प्राथमिकता के आधार पर फोकस रखकर तेजी से कार्य किया जाना चाहिए। इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी नियत और नीति को पारदर्शी प्रणाली के हिसाब से ठीक रखना होगा। यह जिला मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का गृह क्षेत्र है, इसलिए इस जिले में सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए रत्ती भर भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए, अपितु अपने नैतिक दायित्व व कर्तव्य समझकर कार्य करना चाहिए।

सांसद नवीन जिंदल वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला विकास संयोजन और निगरानी कमेटी की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। सांसद ने कहा कि कुरुक्षेत्र के बाईपास के प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द आगे बढ़ाया जाए और धरातल पर काम किया जाए। इसके साथ ही रेलवे एलिवेटेड ट्रैक पर जल्द से जल्द ट्रेन चलाई जाए इसके लिए जो भी औपचारिकताएं है उन्हें जल्द पूरा किया जाए। इस प्रोजेक्ट को जल्द शुरू करने के लिए वे स्वयं भी केन्द्रीय रेल मंत्री से मिलकर बातचीत करेंगे।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक को संबोधित करते सांसद नवीन जिंदल।

### एआई टेक्नोलॉजी का करना चाहिए प्रयोग

सासंद नवीन जिंदल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की कमी के साथ-साथ अन्य संसाधनों की कमी को पूरा करने के लिए अस्पताल प्रशासन को आर्टिफिशल एंटेलिजेंशन टेक्नोलॉजी का प्रयोग करना चाहिए। इस तकनीकी का प्रयोग करके मानव सेवा को और बेहतर बनाया जा सकता है। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए आम नागरिक को सहयोग करना होगा।

सांसद नवीन जिंदल ने स्वंय पावॅर प्रेजेंटेशन के जरिए गांव व शहरों की कुछ सडक़ों की कुछ तस्वीर अधिकारियों के समक्ष रखते हुए कहा कि इन सडक़ों का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सडक़ों और अन्य निर्माण कार्यों की सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखना चाहिए। अगर एजेंसी लापरवाही बरतती है तो उसे ब्लैक लिस्ट किया जाना चाहिए। उपायुक्त नेहा सिंह ने मेहमानों का स्वागत करते हुए दिशा के एजेंडे पर हुए कार्यों को प्रस्तुत किया। इस बैठक का संचालन जिला परिषद के सीईओ विरेन्द्र चौधरी ने किया।

### प्राइमरी स्कूलों में शिक्षकों को बच्चों की शिक्षा पर रखना चाहिए विशेष फोकस

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि प्राइमरी स्कूलों में ही देश की भावी पीढ़ी की नींव को मजबूत किया जा सकता है। इसलिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों को बच्चों की शिक्षा पर विशेष फोकस रखना चाहिए। इसके साथ ही मिड डे मिल के तहत प्रोटीन युक्त भोजन उपलब्ध करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के सभी शौचालय स्वच्छ और सुंदर होने चाहिए। सांसद नवीन जिंदल ने महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के आधार पर कहा कि इस रिपोर्ट के अनुसार 276 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। सांसद ने कहा कि 276 विद्यार्थियों को खुद प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाएंगे। इसके लिए 276 विद्यार्थियों की सूची तुरंत उपलब्ध करवाई जाए।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का रखा विषय

सांसद नवीन जिंदल के समक्ष पिहोवा के विधायक मंदीप च_ïï ने पिहोवा से अरूणाय जाने वाले रास्ते पर सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने का विषय रखा। इस विषय पर सांसद नवीन जिंदल ने पीडब्लयूडी और एनएचएआई के अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की। सांसद ने कहा कि एनएएचआई की रिपोर्ट के अनुसार पिहोवा से अरूणाय जाने वाले मार्ग के बीच 152 एनएएचआई पर फ्लाईओवर बनाने की योजना है। इस योजना का डीपीआर तैयार करने के लिए एजेंसी हायर की है इसके लिए बकायदा 4 लाख का बजट भी तय किया है। इस योजना पर एनएएचआई विभाग की तरफ से 20 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जाएगा।

इस मौके पर विधायक मंदीप च_ï, विधायक रामकरण, पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल, एडीसी सोनू भट्ट, जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर, जिप वाईस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## दिशा बैठक में विधायक मनदीप चट्ठा ने हल्के की समस्याओं को उठाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

दिशा बैठक में पिहोवा से विधायक मनदीप चट्ठा ने हल्के की समस्याओं को उठाया I विधायक द्वारा सवाल उठाया गया कि धनीराम पुरा के निकट 152 पर असुरक्षित कट होने से हादसे हो रहे हैं। जिस पर सांसद नवीन जिंदल ने एनएच विभाग के अधिकारियों से जवाब मांगा। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है। अंडरपास लिए यहां से प्रपोजल हाइवे विभाग के कार्यालय में गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस काम पर लगभग 40-45 करोड़ रुपये का बजट ख़र्च होगा। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि इस कार्य की फाइल की प्रति उन्हें और विधायक को सौंपी जाए ताकि यहां से पत्र बनाकर एनएच कार्यालय में भेजा जा सके। उन्होंने कहा कि वे ख़ुद भी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बात करेंगे। इसके अलावा मुर्तजापुर से चनालहेड़ी सड़क के निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर भी अधिकारियों को लताड़ लगी सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि जो लोग टेंडर लेने के बाद लंबे टाइम तक काम नहीं करते उसे ब्लैक लिस्ट करके उसके ख़िलाफ़ कार्रवाई की जाए। इसके अलावा विधायक मनदीप चट्ठा ने ट्यूकर से भट्टमाजरा तक पटियाला रोड और कुरुक्षेत्र से झांसा रोड के टूटे होने के मुद्दे को भी ज़ोर शोर से उठाया।

### खरीद एजेंसियों ने खरीदा 5,53,723 एमटी गेहूं

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र के विभिन्न खरीद केन्द्रों और मंडियों में विभिन्न एजेंसियों द्वारा 5 लाख 53 हजार 723 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। इन खरीद केन्द्रों से 86 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा किया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि गेहूं के सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा 3 लाख 22 हजार 502 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है। इसके अलावा हैफेड ने 2 लाख 282 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 8 हजार 987 एमटी, प्राइवेट एजेंसियों द्वारा 21952 एमटी गेहूं खरीदा है। उन्होंने कहा कि खादय आपूर्ति द्वारा 83 प्रतिशत, हैफेड द्वारा 91 प्रतिशत, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 100 प्रतिशत और निजी एजेंसियों द्वारा 95 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि इस जिले में अब तक 5 लाख 53 हजार 723 एमटी गेहूं खरीदा है, इसमें से 16 हजार 858 एमटी एफसीआई को डिलीवर किया गया है, 4 लाख 57 हजार 726 एमटी गेहूं की लिफ्टिंग की गई है।

## विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल पर भी ध्यान : पूनिया

- प्रिंट प्रोडक्शन पाठ्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न समाचार-पत्रों का प्रकाशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के एम.ए. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रिंट प्रोडक्शन पाठ्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न समाचार-पत्रों का प्रकाशन किया है। इस अवसर पर संस्थान निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि इन विद्यार्थियों ने अपने संबंधित समाचार-पत्रों में स्वयं ही रिपोर्टिंग, फोटोग्राफी, एडिटिंग और डिजाइनिंग की हैं जो कि बेहद काबिल तारीफ है। उन्होंने बताया कि संस्थान विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल पर विशेष ध्यान देता है जिससे विद्यार्थियों को समाचार-पत्र उद्योग की रोजगार जरूरतों को पूर्ण किया जा सके। इस अवसर पर पाठ्यक्रम के शिक्षक डॉ. अभिनव ने बताया कि विद्यार्थी कीर्ति ने 'कीर्ति क्रोनिकल, साक्षी ने 'साक्षी न्यूज, अमन कुमार और हितेश राय ने 'हरियाणा एक्सप्रेस, प्रीति यादव, रिंकू जागलान और साहिल ने 'नवदृष्टि, अनिल कुमार, खुशी और गुरूमुख ने 'कैंपस परिक्रमा, कमलेश शर्मा, नमहा यादव ने 'कुरुक्षेत्र एक्सप्रेस और जश्लीन, सृष्टि, संतोष एवं भावना ने 'सृष्टि टाइम्स निशा, भावना ने 'भारत दीप और संध्या एवं मुस्कान ने 'जनवाणी समाचार-पत्र प्रकाशित किये हैं। इस अवसर पर डॉ. मधुदीप सिंह, डॉ. अभिनव, अधीक्षक गुलशन दुआ सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

### कुवि के 12 शोधार्थी पीएचडी की उपाधि के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 12 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस से अनिल कुमार, टूरिज्म मैनेजमेंट से संदीप कुमार, लॉ से बिट्टो, राकेश कुमार व गौरव, जूलोजी से रमन देवी व रितु देवी, कैमिस्ट्री से सुनिता व लक्ष्मी नारायण, भूगोल से रोहित मान, फिजिक्स से मनु बुरा तथा सांख्यिकी से विपिन बाला शामिल हैं।

## समस्याओं पर समाधान शिविरों का फायदा उठाएं नागरिक : डा.रमन

- नगराधीश ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

नगराधीश डा. रमन गुप्ता ने कहा कि लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। नगराधीश डा. रमन गुप्ता वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में लगाए गए समाधान शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 47 समस्याओं को सुना गया। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से सम्बन्धित रखी गई 47 समस्याओं में से 35 समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया है तथा शेष समस्याओं का समाधान करने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। इससे पहले नगराधीश डा. रमन गुप्ता, अधीक्षक गीता सैनी ने क्रिड और विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 47 समस्याओं को सुना और उनमें से अधिकतर समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है, ताकि जनता का प्रशासन पर भरोसा और ज्यादा मजबूत हो। शिविर में कुल 47 शिकायतें आई, जिनमें से कई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई।

## शिक्षा को अपनी पारिवारिक आवश्यकता समझते हुए बच्चों को पढ़ाएं : सुमन सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा बाल कल्याण विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि किसी भी सफलता के लिए शिक्षा और संस्कार सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। हलके के लोगों शिक्षा को अपनी पारिवारिक आवश्यकता समझते हुए अपने बच्चों को हर हाल में पढ़ाना सुनिश्चित करें। एक शिक्षित बच्चा अपने परिवार के साथ- साथ गांव, समाज और प्रदेश का विकास करने में अहम योगदान देगा। किसी भी परिवार को अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए कोई भी मदद चाहिए, तो उसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय हमेशा सहयोग के लिए तैयार मिलेगा। वे वीरवार को अनाज मंडी धर्मशाला में आयोजित ऐच्छिक अनुदान सहायता राशि के चैक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। मुख्यमंत्री की लाडवा विधानसभा के 108 परिवारों आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्पेशल अनुदान सहायता राशि के चैक वितरित किए गए। इनमें पिपली खंड के 50 परिवार, बाबैन खंड के 35 परिवार और लाडवा खंड के 23 परिवार शामिल है। इससे पहले एसडीएम लाडवा पंकज सेतिया ने हरियाणा बाल कल्याण विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी सैनी का स्वागत किया। सैनी ने कहा कि सरकार आर्थिक सहायता के तौर पर जो राशि दे रही है, उसे राशि को परिवार अपने बच्चों को उच्च स्तर की पढ़ाई करवाने में प्रयोग करें,क्योंकि शिक्षित व्यक्ति सफलता प्राप्त करता है और अच्छे राष्ट्र के निर्माण में सहयोग कर करेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह गोल्डी, एसडीएम पंकज सेतिया, लाडवा बीडीपीओ साहब सिंह, बीडीपीओ बाबैन रूबल सहित अन्य अधिकारी व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


**लाडवा।** चेक भेंट करतीं उपाध्यक्षा सुमन सैनी।

### रतगल राजकीय नर्सरी में सरप्लस फलों की नीलामी होगी 13 को

**कुरुक्षेत्र।** जिला उद्यान अधिकारी डा. सत नारायण ने कहा कि राजकीय बाग एवं नर्सरी, रतगल पर उपलब्ध सरप्लस फलों आग, चीकू, नाशपाती, अमरूद, बेर, आंवला, जामुन, कटहल व नींबू आदि फलों की नीलामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निदेशालय द्वारा नियुक्त अधिकारी की देख रेख में 13 मई 2025 को दोपहर बाद की जानी है। फलों की नीलामी खुली बोली के आधार पर की जाएगी। नीलामी से पहले बाग को देखने के इच्छुक व्यक्ति, ठेकेदार अथवा फर्म किसी भी कार्यदिवस ने राजकीय बाग एवं नर्सरी रतगल का निरीक्षण कर सकते है।


**कुरुक्षेत्र।** कैडेट्स को रवाना करते निदेशक सुनील ढींगरा।

### कुवि के एनसीसी कैडेट्स 10 दिवसीय कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप के लिए हुए रवाना

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स को 10 दिवसीय कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप(सीएटीसी) को यूआईईटी निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने एनसीसी ध्वज दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी कैंप कैडेट्स की क्षमताओं को निखारते है और उनका मानसिक, शारीरिक विकास कर नेतृत्व करने को प्रेरित करते हैं। यूआईईटी के एनसीसी इंचार्ज लेफ्टिनेंट डॉ. अजय जांगड़ा ने बताया कि एनसीसी भारतीय सेना के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा की द्वितीय पंक्ति है । कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स 1 मई से 10 मई तक होने वाले कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप में भाग लेंगे। कैडेट्स 10 दिनों तक भारतीय सेना के अधिकारियों से कैडेट्स फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, गन शूटिंग, नेतृत्व कौशल, मैप रीडिंग, फील्ड सिग्नल्स आदि विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। कैडेट्स के सर्वांगीण विकास के लिए ये कैंप बहुत जरूरी है।

## शुरुआती दौर मे जाट धर्मशाला मे शुरु करेंगें बच्चों के लिए लाइब्रेरी : श्योकंद

*जाट धर्मशाला की नई कार्यकारिणी ने धर्मशाला पहुंचकर की पूजा अर्चना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के नवनियुक्त प्रधान कृष्ण श्योकंद ने पूरे पैनल के साथ गुरुवार को जाट धर्मशाला मे पहुंचकर पूजा अर्चना की। उन्होने धर्मशाला मे धन्ना भगत जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर पूजा अर्चना की। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों को सर्टिफिकेट प्रदान किए। पत्रकारों से रूबरू होते हुए प्रधान कृष्ण श्योकंद ने कहा कि समाज के लोगों ने उनके पैनल को जो जिम्मा सौंपा है, उसे वे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगें। उन्होने स्पष्ट किया कि चुनाव 30 अप्रैल को सम्पन्न हो गए हैं, धर्मशाला मे व समाज मे कोई गुटबाजी नही है। शांतिप्रिय तरीके से चुनाव सम्पन्न हुए हैं, इसके लिए वे समाज के लोगों का धन्यवाद करते हैं। उन्होने कहा कि वे सभी पुरानी कार्यकारिणी सदस्यों व समाज के वरिष्ठ लोगों से सलाह मश्वरा करके धर्मशाला के कार्यों को गति देने का कार्य करेंगें। चुनाव से पूर्व उन्होने जो वायदे समाज के सामने किए हैं, एक-एक कार्य को वे करने का काम करेंगें। उनका मुख्य उद्देश्य शिक्षा, खेल व स्वास्थ्य पर फोकस रहेगा। इस मौके पर उनके साथ नवनियुक्त उपप्रधान बन्नी सिंह ढुल, सचिव हरकेश सहारण बारना, सहसचिव होशियार सिंह बारवा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नैन, कार्यकारिणी सदस्य गंगाबिशन सहारण, रमेश मलिक, ऋषिपाल नैन, बलविंद्र संगरोहा व जितेंद्र कैंदल मौजूद रहे।

पत्रकारों से रूबरू होते हुए प्रधान कृष्ण श्योकंद ने कहा कि शुरुआत दौर मे ही वे समाज के लोगों से सलाह करके यहां एक बडे स्तर की लाईब्रेरी खोलने का काम करेंगें जिसमे बच्चे परिक्षाओं की तैयारी सुचारू रूप से कर सकें व देश का नाम रोशन कर सकें।


**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से रूबरू होते जाट धर्मशाला के नवनियुक्त प्रधान कृष्ण श्योकंद व अन्य।

### सेवानिवृत्त अधिकारियों की समिति बनाएंगे

प्रधान कृष्ण श्योकंद ने ऐलान किया कि बेशक चुनाव मे कुछ ही कार्यकारिणी के सदस्य चुने गए हैं लेकिन इनके अलावा ओर सदस्यों को इसमे जोड़ा जाएगा। समाज के वरिष्ठ लोगों व सेवानिवृत्त अधिकारियों को इस टीम मे शामिल किया जाएगा। सभी वरिष्ठ लोग मिलकर जाट धर्मशाला व समाज के लिए कार्य करेंगें। उनका प्रयास रहेगा कि अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर काम करेंगें। सभी 36 बिरादरी के साथ मिलकर समाजहित के कार्य किए जाएंगें। जाट धर्मशाला को बुजुर्गों ने अपने खून पसीने से सींचा है, इसे ओर आगे बढाने का काम करेंगें। इस मौके पर सुरेंद्र पहलवान ईशाक, पूर्व सरपंच कर्मबीर घराड़सी, टेकचंद बारना, कुलदीप, राजेंद्र हथीरा, ईश्वर, बलबीर सिंह, मा. रोशन लाल सहित अन्य मौजूद रहे।


**लाडवा।** स्कूल में ग्राफिक डिजाइन कोर्स में भाग लेते विद्यार्थी।

### आर्य गर्ल्स स्कूल में ग्राफिक डिजाइन कोर्स को पाठ्यक्रम में किया शामिल

**लाडवा।** लाडवा के सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने बताया कि स्कूल में ग्राफिक डिजाइन कोर्स को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया 7 ग्राफिक डिजाइन छात्रों में कलात्मक कौशल और रचनात्मकता को विकसित करने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि यह कोर्स विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने और नए डिजाइन बनाने का अवसर प्रदान करता है और कलात्मक प्रतिभा को उजागर करने और उसे बेहतर बनाने के लिए प्लेटफार्म प्रदान करता है। आज के समय को देखते हुए ग्राफिक डिजाइन में करियर के बहुत सारे अवसर हैं। विद्यार्थी विज्ञापन, वेबसाइट डिजाइन, प्रिंट मीडिया या एनीमेशन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में काम कर सकते हैं और विद्यार्थी इसके द्वारा भविष्य में बहुत बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं।

**कार्यक्रम** | अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर ज्योतिसर में 9 मई को होगा काउंटडाउन कार्यक्रम

## आयुष विवि की नोडल अधिकारी ने तैयारियों को लेकर ली बैठक

- कार्यक्रम में 500 से अधिक साधक हिस्सा लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025 के काउंटडाउन कार्यक्रम की श्रृंखला में आगामी 9 मई को ज्योतिसर तीर्थ पर भव्य योग कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस काउंटडाउन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। गुरुवार को भी विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में काउंटडाउन कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं योग विभाग की चेयरपर्सन प्रो. शीतल सिंगला ने शहर की योग संस्थाओं के साथ बैठक की,जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, सहभागिता, जन जागरूकता और प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

नोडल अधिकारी प्रो. सिंगला ने बताया कि मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान द्वारा आयोजित 100 दिन, 100 शहर, 100 संस्थान काउंटडाउन कार्यक्रम के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के सेक्टर-8 स्थित श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान का चयन किया गया है। इस भव्य कार्यक्रम की जिम्मेदारी मिलने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन व संस्थान का योग विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई जा रही है। कार्यक्रम में 500 से अधिक साधक हिस्सा लेंगे।


**कुरुक्षेत्र।** बैठक के बाद जानकारी देते डा. शीतल सिंगला व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर आयुष विभाग के योग समन्वयक डॉ. जागीर, डॉ. मंजीत,विश्वविद्यालय के योग शिक्षक योगेंद्र कुमार, स्वदेशी जागरण मंच, एबीवीपी, भारतीय योग संस्थान, योग भारती, पतंजलि योग समिति और आर्ट ऑफ लिविंग समेत अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर में सुनी लोगों की शिकायतें

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शाश्वत सांगवान ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समस्याओं का निराकरण संवेदनशीलता और गंभीरता से प्राथमिकता के आधार पर करें। बता दें कि प्रत्येक सप्ताह सोमवार और वीरवार को प्रात 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जाता है।

### सुनी जाएंगी बिजली संबंधी समस्याएं

**नारायणगढ़।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए कार्यकारी अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में शुक्रवार को प्रात 11 से शाम 4 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम यूएचबीवीएन पंचकुला के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार करेंगे जबकि सदस्य हीरा लाल भी मौजूद रहेंगे। अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल ने बताया कि बैठक में बिजली संबंधित वे समस्याएं सुनी जाएंगी जिनका कोई अधिकारी समाधान नहीं कर पाया।

### शिविर में किया तीन शिकायतों का समाधान

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.ब्रह्मजीत सिंह ने वीरवार को उपायुक्त कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए आमजन की समस्याएं सुनी। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी लोगों की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए उन्हें तय समय सीमा मे जल्द निपटाना सुनिश्चित करें।

### नेशनल लोक अदालत 10 मई को होगी

**अंबाला।** सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, व सब डिवीजन, नारायणगढ़ की अदालतों मे 10 मई 2025 को किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत मे नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मई 2025 को किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0171-2532142 व 9991112660 पर संपर्क किया जा सकता है।

### 100 ग्राम हेरोइन तस्करी के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-1 हेरोइन तस्करी के आरोप में बकरा मंडी के रहने वाले आरोपी मदन को गिरफ्तार किया है। सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते है। पुलिस ने थाना पडाव क्षेत्र के एनएच-44 से नाकाबंदी कर कार सवार आरोपियों को काबू किया था। तलाशी लेने पर उनसे 100 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। आरोपी की पहचान हिम्मत सिंह वासी शंभू कलां पटियाला के तौर पर हुई थी। पुलिस ने हिम्मत सिंह के साथ एक महिला को भी काबू किया था। अब जांच के दौरान पुलिस ने इस मामले में तीसरे आरोपी को भी काबू किया है। आरोपी को जेल भेज दिया है।

### प्रिंसिपल ने लाइब्रेरी में सुनी छात्रों की समस्याएं

**अंबाला।** गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल व सेंट्रल स्टेट लाइब्रेरी के डीडीओ डॉ. देसराज बाजवा ने वीरवार को स्टेट सेंट्रल लाइब्रेरी का दौरा किया। यहां पर अध्ययन कर रहे छात्र- छात्राओं की समस्याएं जानी।उन्होंने बताया कि वहां पर अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं द्वारा कुछ समस्याओं के बारे में अवगत करवाया गया है जिनका शीघ्र समाधान किया जाएगा।

### भाषण प्रतियोगिता में हरसिमरत ने मारी बाजी

**बराड़ा।** अकाल अकादमी होली के विद्यार्थियों ने डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में कक्षा नवमीं की छात्रा हरसिमरत कौर ने अपने प्रभावशाली वक्तृत्व कौशल से प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं प्रश्नोत्तरी में हरजस कौर, एकमनूरप्रीत कौर और आयुष ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सांत्वना पुरस्कार अर्जित किए।

---

पंजाब के सीएम भगवंत मान पर किया वार

# बरसाती सीजन से पहले चार वार्डों में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास, पूर्व मंत्री बोले-जनता की हर समस्या का होगा समाधान

## हरियाणा का पानी रोकने के आदेश रात के समय तो नहीं दिए

■ भगवंत मान को अपनी कुर्सी हिलती हुई नजर आ रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


अंबाला। लोगों को संबोधित करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा हरियाणा के हिस्से का पानी रोके जाने पर पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने तीखा वार किया है। गोयल ने सवाल पूछते हुए कहा कि कहीं भगवंत मान ने ये आदेश रात के समय तो नहीं दे दिए थे। उन्होंने कहा कि भगवंत मान होश में आएं। पंजाब की धरती गुरुओं पीरों की धरती है। जहां से हमारे गुरुओं ने यह संदेश दिया कि दुश्मन को भी पानी पिलाना चाहिए लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि उसी धरती से पंजाब छोटे भाई हरियाणा का पानी रोक रहा है। गोयल ने कहा कि भगवंत मान को अपनी कुर्सी हिलती हुई नजर आ रही है। 2027 में पंजाब की जनता इन्हें विपक्ष में भी देखना पसंद नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह यमुना मां का श्राप इन्हें दिल्ली में धो गया वैसे ही पंजाब में पानी का यह मुद्दा भी इन्हें धो देगा। उन्होंने कहा कि जिस समय देश में पाकिस्तान के साथ स्थित तनावपूर्ण चल रही है। ऐसे में पानी को मुद्दा बनाकर भगवंत मान अप्रत्यक्ष रुप से पाकिस्तान की मदद कर रहे हैं।

### अब सोमवार को भी होगी जनसुनवाई

इसके साथ ही असीम गोयल ने अपने निवास स्थान पर लोगों की शिकायतो व समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सैनी की निर्देश पर अधिकारी भी समाधान शिविर लगा कर जनता को राहत पहुंचा रहे हैं। इसके साथ ही वो भी हर वीरवार अपने निवास पर इलाके की जनता की समस्याएं सुनते हैं लेकिन अब सोमवार को भी वे लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

### करोड़ों के विकास कार्यों का शिलान्यास

अंबाला शहर में चल रहे विकास कार्यों को रफ्तार देते हुए वीरवार को एक बार फिर पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने शहर वासियों को कई बड़ी सौगात दी। इसमें गौमाता चौक का उद्घाटन व अलग अलग वार्डों की सड़कें,गलियां,स्टॉर्म वाटर ड्रेंस शामिल थी। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने मेयर शैलजा सचदेवा,डिप्टी मेयर राजेश मेहता व सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा और भाजपा सदस्यों के साथ वार्ड 1,5,6,9 में महत्वपूर्ण विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने कहा कि अंबाला शहर में विकास का पहिया इसी रफ्तार के साथ चलता रहेगा।
पूर्व मंत्री असीम गोयल ने वार्ड 6 में स्थित राम बाग श्मशान भूमि की पार्किंग व चार दीवारी का उद्घाटन किया व वार्ड 1 में विभिन्न सड़कों व ड्रेन्स के निर्माण का शिलान्यास वार्ड नंबर 9 में गौमाता चौक का उद्घाटन व सड़कों और गलियों के निर्माण का शिलान्यास तथा वार्ड नंबर 5 में बरसाती पानी की निकासी के लिए पाइप लाइन डालने के कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान निगम सदस्य अर्चना छिब्बर,राकेश सिंगला,जसबीर सिंह,गुरविंदर मानकपुर,अमन सूद,मनीष आनंद,गुरप्रीत शाना,मुनीष मल,अनिल गुप्ता,राजेश गोयल व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

---

हरियाणा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसो के पदाधिकारी श्रम मंत्री विज से मिले

# इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट एक्ट की परिभाषा में सेल्स प्रमोशन भी की जाए शामिल

■ मांगों को लेकर एक ज्ञापन श्रम मंत्री अनिल विज को सौंपा

## विज बोले मैं तो खुद लेबर का आदमी हूं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


अंबाला। हरियाणा मेडिकल रिप्रिजेंटेटिव एसोसिएशन के सदस्यों से मुलाकात करते मंत्री अनिल विज।

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि "मैं लेबर का ही आदमी हूं। मैनें 18 वर्ष बैंक में नौकरी की है, आपकी पूरी बात सुनेंगे कार्रवाई करेंगे। आप जब मर्जी मेरे पास आओ। अभी मैनें आपकी मांगों को लेकर लेबर कमिश्नर से बात की है। विज वीरवार को हरियाणा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बातचीत कर रहे थे। इससे पहले एसोसिएशन की ओर से मजदूर दिवस के अवसर पर मांगों को लेकर एक ज्ञापन श्रम मंत्री अनिल विज को सौंपा। एसोसिएशन सदस्यों की मांग पर श्रम मंत्री अनिल विज ने लेबर कमिश्नर से फोन पर बातचीत करते हुए इन मांगों को पूरा करने पर चर्चा की। एसोसिएशन ने श्रम मंत्री द्वारा उनकी बात पूरी सुनने व इसपर त्वरित कार्रवाई करने पर उनका मौके पर ही धन्यवाद जताते हुए कहा कि उन्हें मंत्री अनिल विज से पूरी उम्मीद है। एसो प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रदेश में छह हजार से अधिक सेल्स प्रमोशन कर्मचारी विभिन्न दवा कंपनियों में काम कर रहे हैं। वे सेल्स प्रमोशन इम्पलाइज एक्ट में आते हैं। इन कर्मचारियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट एक्ट की परिभाषा में सेल्स प्रमोशन को शामिल किया जाए। इसी तरह सेल्स प्रमोशन इम्पलाइज की कार्य श्रेणी को उच्च कुशल कर्मचारी उच्च ग्रेड में अधिसूचित किया जाए तथा सेल्स प्रमोशन इम्पलाइज के लिए कार्य के घंटे निर्धारित किए जाएं। मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सतनाम सिंह, महासचिव गौत्तम चड्ढा, विवेक भाटिया के अलावा अन्य पदाधिकारी और सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

### जन समस्याओं पर की सुनवाई

कैबिनेट मंत्री विज ने वीरवार को अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान के आदेश दिए। मच्छौंडा के किसान ने उसके खेतों में आग लगने पर मुआवजा दिलाने की मांग की जिस पर डीसी को कार्रवाई के निर्देश दिए। कुम्हार मंडी में एक व्यक्ति के घर की खिड़कियों को अवैध बिल्डिंग बनाकर बंद करने की शिकायत दी। गांव धनकौर में नाले निर्माण को लेकर क्षेत्रवासियों ने शिकायत दी। इसी प्रकार कच्चा बाजार के व्यक्ति ने कहा कि उसने सैकेंड हैंड गाड़ी खरीदी थी जिसपर बैंक लोन बकाया था मगर पहले क्रेता ने तय इकरारनामा अनुसार बैंक लोन नहीं उतारा। बैंक द्वारा उसकी गाड़ी जब्त कर ली गई है। विज ने सभी शिकायतों पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

---


बराड़ा। स्कूल स्टाफ को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधन।

# छात्रों ने लिया श्रमिकों का सम्मान करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

■ स्कूल कर्मियों को किया सम्मानित

शैमफॉर्ड विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष सभा में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्टूडेंट्स में श्रमिकों के प्रति सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के अध्यापक हर्ष शर्मा के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई जिसमें उन्होंने श्रमिकों के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि यह दिन उन सभी मेहनतकश लोगों के सम्मान का प्रतीक है। श्रमिकों के सम्मान में भाषण, कविता पाठ और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या रूबी शर्मा और उपप्रधानाचार्या सुमन शर्मा ने स्कूल के समस्त सहयोगी कर्मचारियोंको सम्मानित करते हुए उपहार भेंट किए।

## चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

■ मटेहड़ी शेखां में दुकान से मोटरें व अन्य सामान चोरी किया था

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अजीत उर्फ अमित को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गांव नडियाली के रहने वाले मैनेजर सिंह ने 30 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 अप्रैल 2025 आरोपी अजीत उर्फ अमित ने मटेहड़ी शेखां में स्थित उसकी दुकान से मोटरें व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

---

### हंसराज हंस गुरु काशी विवि में 'सूफी और लोक संगीत विरासत पीठ' के अध्यक्ष नियुक्त किए गए




**चंडीगढ़।** पंजाब की संगीत परंपराओं को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, गुरु काशी विश्वविद्यालय, तलवंडी साबो ने विज़ुअल एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स संकाय के तहत 'सूफी और लोक संगीत विरासत पीठ' की स्थापना की घोषणा की है। इस अवसर पर आज चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित गायक पद्म श्री हंसराज हंस को पीठ के अध्यक्ष के रूप में औपचारिक रूप से स्वागत किया।यह पीठ सूफी और लोक संगीत की समृद्ध धरोहर को शोध, शिक्षा, प्रलेखन और जनसंपर्क के माध्यम से संरक्षित करने और बढ़ावा देने का कार्य करेगी। हंसराज हंस के साथ, प्रो. डॉ. गुरप्रीत कौर, जो संकाय की डीन हैं, को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है, जबकि डॉ. अमन सूफी को परियोजना समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया है।

### यह सेवा सदन सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा




■ 'सेवा सदन' का उद्घाटन समारोह आयोजित

**चंडीगढ़।** सेवा भारती चंडीगढ़ की ओर से पुनर्दारित 'सेवा सदन' का उद्घाटन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस शुभ अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों में सतनामसिंह संधू जी, संसद सदस्य, राज्यसभा, प्रोफेसर विवेक लाल,डायरेक्टर, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़, डॉ विपिन कौशल, डॉक्टर भोगल, अनिल माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष राष्ट्रीय सेवा भारती, प्रेम जी गोयल,वरिष्ठ प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बनबीर क्षेत्रीय प्रचारक प्रमुख, त्रिलोकी नाथ गोयल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, चंडीगढ़ विभाग संघ चालक, दीपक बत्रा जी, अमृत सागर, प्रदीप वैष्णय प्रधान सेवा भारती पंजाब, अजय गांधी महामंत्री, नरेश गुप्ता उपप्रधान पंजाब प्रांत सेवा भारती, राजेंद्र जैन, प्रधान सेवा भारती चंडीगढ़ मौजूद रहे। सेवा भारती चंडीगढ़ द्वारा निर्मित यह सेवा सदन पीजीआई चंडीगढ़ में इलाज हेतु दूर-दराज से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए एक सशक्त आश्रय केंद्र होगा। इस सदन में कुल 36 कमरे और 288 बिस्तरों की व्यवस्था की गई है, जिसमें 144 मरीज और उनके 144 सहयोगी एक साथ निवास कर सकेंगे। सेवा सदन में रहने वाले मरीजों को माता मनसा देवी लंगर से भोजन की सुविधा उपलब्ध होगी, साथ ही गैस चूल्हों की व्यवस्था भी की गई है ताकि जरूरत पड़ने पर वे स्वयं भोजन पका सकें।

# श्रमिकों की महत्ता पर छात्रों ने डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस (मई दिवस) बड़े सम्मान और गरिमा के साथ मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को श्रमिक वर्ग के महत्व और उनके हमारे जीवन में योगदान के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एक सुंदर नृत्य से हुई, जिसमें बच्चों ने अपने भावों और अभिनय के माध्यम से विद्यालय के सभी हेल्पर्स जैसे सफाई कर्मचारी, माली, सुरक्षा कर्मी के प्रति आभार व्यक्त किया। शहीद ऊधम सिंह सदन के विद्यार्थियों ने एक प्रेरणादायक नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया कि समाज में कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। प्रत्येक कार्य और उसे करने वाला व्यक्ति महत्वपूर्ण होता है, और उसे उचित सम्मान मिलना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य हरपाल सिंह ने सभी सहयोगी कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भेंट प्रदान कर सम्मानित किया।


बराड़ा। गिफ्ट के साथ खड़े स्कूल के कर्मचारी।



बराड़ा। प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

### केस स्टडी और स्लोगन के जरिए समझाया श्रमिक दिवस का मतलब

**बराड़ा।** डीएवी विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस (लेबर डे) को विशेष उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में श्रम के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना और उन्हें समाज के विभिन्न वर्गों के योगदान से अवगत कराना था। इस दौरानकक्षा 4 और 5 के विद्यार्थियों ने विभिन्न पेशों की वेशभूषा पहनकर जैसे प्रिंसिपल, टीचर, दुकानदार, माली, डॉक्टर, इंजीनियर, सिंगर, पुलिसकर्मी, सब्जी विक्रेता, कंडक्टर, ड्राइवर को लेकर डायलॉग प्रस्तुत किए। बच्चों के आत्मविश्वासपूर्ण प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने केस स्टडी और स्लोगन लेखन के माध्यम से श्रमिक दिवस का महत्व समझाया। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता, सोच बड़ी होनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति अपनी जीविका को सम्मान और ईमानदारी से चलाता है। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ जीवन के व्यावहारिक पक्षों से भी जोड़ना जरूरी है, ताकि वे भविष्य में हर परिस्थिति का डटकर सामना कर सकें।

---

**कार्रवाई** | जल्द कंडम वाहनों को पार्किंग से हटाने के निर्देश, सुरक्षा को लेकर हुई जांच

# रेलवे स्टेशन की पार्किंग में सालों से खड़े कंडम वाहनों की आरपीएफ ने डॉग स्क्वॉयड के साथ की जांच

■ छावनी रेलवे स्टेशन पर एक अप्रैल से ही नया ठेका शुरू हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

## ठेकेदार को दी चेतावनी


अंबाला। डॉग स्क्वॉयड के साथ वाहनों की जांच करते आरपीएफ के जवान।

अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन की सुरक्षा के लिए वीरवार को कार पार्किंग में सर्च अभियान चलाया। आरपीएफ के डॉग स्क्वायड की मदद से पार्किंग में खड़े वाहनों विशेषकर कारों की जांच की।ठेकेदार से भी आरपीएफ ने कबाड़ हो चुके वाहनों की सूची मांगी है। आरपीएफ ने ठेकेदार को चेतावनी दी कि एक-दो दिन में कबाड़ हो चुके वाहनों के बारे में एक पत्र स्टेशन अधीक्षक के निर्देश पर जीआरपी को दे जिससे कि वे पार्किंग में आकर ऐसे वाहनों का लेखा-जोखा तैयार कर सके और इन वाहनों के मालिकों की पहचान की जा सके। इस कार्रवाई को लेकर पार्किंग में खड़े कबाड़ हो चुके वाहनों को जीआरपी अपने कब्जे में लेगी। अगर इन वाहनों का मालिक जीआरपी के समक्ष पेश होगा तो उससे जुर्माना वसूलने के बाद ही वाहन को सुपुर्द किया जाएगा। बता दें कि छावनी रेलवे स्टेशन पर एक अप्रैल से ही पार्किंग का नया ठेका शुरू हुआ है। ठेका लेने से पहले पुराने वाहनों की सूची मांगी थी जोकि पुराने ठेकेदार ने नहीं दी। उसने मौखिक तौर पर ही इसकी जानकारी नए ठेकेदार को दी। ठेकेदार के प्रतिनिधि चंदन ने बताया कि कुछ पुराने वाहनों को लोग ले जा चुके हैं। अब मात्र कुछ दोपहिया वाहन ही पार्किंग में रह गए हैं। इसकी सूची जल्द ही आरपीएफ और जीआरपी को सौंप दी जाएगी।

### दो दिन का दिया समय

आरपीएफ के उप निरीक्षण कुलबीर सिंह ने बताया कि ठेकेदार को चेतावनी दी कि वह कबाड़ हो चुके वाहनों की सूची जीआरपी और उन्हें दें, जिससे कि आगामी कार्रवाई हो सके। उसे दो दिन का समय दिया है।




### मानवता के पक्ष का मूल उद्देश्य अत्याचार के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा होना

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में 'मानवता के पक्ष' विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता रेडक्रॉस सैल की देखरेख में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने स्लोगनों के माध्यम से समाज में मानवता, नैतिक मूल्यों और सेवा भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया। छात्राओं की रचनात्मकता और सामाजिक चेतना ने कार्यक्रम को विशेष रूप प्रदान किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ३मानवता के पक्ष३ का उद्देश्य मानव सेवा, समाज सुधार, नैतिक मूल्यों का संवर्धन, आत्म-विकास, समृद्धि तथा अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध खड़ा होना है। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी सामाजिक प्राणी हैं और हमें समाज के हित में मिलकर कार्य करना चाहिए। समापन अवसर पर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।